प्रेस नोट

थाना - पिलखुवा **दिनांकः- 07-03-2023**

- **थाना पिलखुवा पुलिस ने मोबाइल लूटने/छीनने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के 02 सदस्यों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से लूट के 14 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर साइकिल व अवैध असलहा बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके द्वारा विशेष रूप से ऑटो/रिक्शा में बैठी महिलाओं/लड़कियों को चिन्हित कर उनके मोबाइल फोन छीनने की घटनाएं कारित की जाती थी।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा छीने गये मोबाइल फोन को दिल्ली व आस पास के क्षेत्रों में चलते-फिरते व्यक्तियो को बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाता था।**

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा मोबाइल छीनने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के 02 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से लूट/छीने गये 14 मोबाइल, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर साइकिल व 01 अवैध चाकू बरामद हुए हैं।

उपरोक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का स्थान व समयः- खेडा गेट, दिनांक- 07-03-2023 समय- 02.40 बजे प्रातः।

पूछताछ का विवरणः-

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग अपनी पल्सर मोटर साइकिल से घूम-फिरकर विशेष रूप से शहरों में आने-जाने वाली उन महिलाओं/लड़कियों को चिन्हित करते थे

जिनके पास कीमती मोबाइल फोन होते थे, जब वह महिला ऑटो/रिक्शा में बैठकर जाती थी तो उसी समय मोटर साइकिल को ऑटो/रिक्शा के बराबर में लगाकर उनके मोबाइल फोन छीनने की घटनाएं कारित की जाती थी। इसके पश्चात लूटे हुऐ मोबाइलों को दिल्ली व आस पास के क्षेत्रो में चलते-फिरते व्यक्तियो को बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। हम लोगों द्वारा जनपद हापुड, गाजियाबाद व अन्य जगहों से मोबाइल छीनने की कई घटनाएं कारित की जा चुकी हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता:-

1- उस्मान उर्फ ओसामा पुत्र आरिफ निवासी मौ0 भंण्डा पट्टी सिकन्दर गेट थाना हापुड नगर जनपद हापुड।

2- मौ0 उवेश पुत्र अय्यूब निवासी गली नं0 03 सीलमपुर थाना सीलमपुर दिल्ली।

बरामदगी का विवरण:-

1. 01 रियलमी नार्जो मोबाइल फोन सम्बन्धित मु0अ0सं0 104/2023 धारा 392 भादवि थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
2. 01 वीवो मोबाइल फोन सम्बन्धित मु0अ0सं0 198/2023 धारा 392 भादवि थाना कविनगर जनपद गाजियाबाद।
3. लूटे/छीने गये 12 अन्य एन्ड्रायड मोबाइल फोन।
4. घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर साइकिल नम्बर यूपी-13वाई-4690।
5. 01 अवैध चाकू।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1- उ0नि0 मनीष चौहान थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

2- उ0नि0 विपिन कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

3- है0का0763 परीक्षित राणा थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

4- है0का0709 गौरव निर्वाल थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

5- का0383 मुकेश कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

6- है0का0702 विनोद कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

7- का0 779 अनुज कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड।